तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुये

पत्रावली पेश हुई।

07/10/24 राज पेरोकार उपस्थित। वकील अप्रार्थी संख्या 01 से 04 अनुपस्थित। प्रार्थीगण के वकील उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 01 से 04 के अधिवक्ता को जवाब पेश करने में पर्याप्त समय अवसर दिये जाने के बावजूद जबाव पेश करने में विफल रहे है। लिहाजा इनके जवाब का अवसर बंद किया जाता है। वकील प्रार्थीगण की बहस सुनी गई एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण विवादित भूमि के रिकॉर्डेड खातेदार है और उक्त भूमि पर काबिज होकर काश्त करते आ रहे हैं। अप्रार्थीगण के खेत खसरा नंबर 387 व प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि से लगते हुये होने से वे अतिक्रमण और कृषि कार्य में बाधा उत्पन्न करते रहते है।

अतः प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि की नेखमबंदी करवाना चाहते है। ऐसी सूरत में विवादित भूमि की नेखमबंदी किये जाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है।

लिहाजा प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम माताजीवाडा तहसील बाली के खसरा नंबर 384 रकबा 2.6100 हैक्टर के पडौसी अप्रार्थीगण खसरा नंबर 387 के मध्य बाद पैमाईश पक्के नेखम स्थापित कर नेखमबंदी करने हेतु तहसीलदार बाली को 1000/– रूपये शुल्क पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। शुल्क प्रार्थीगण मौके पर अदा करेंगें। आवश्यकता होने पर तहसीलदार बाली को संबंधित पुलिस थाना से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है। तहसीलदार बाद पालना कर पालना प्रतिवेदन प्रेषित करें। तहरीर जारी हो। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

न्यायालय उप-खण्ड अधिकारी ★ बाली, जिला-पाली (राज.) ★

सहायक कलेक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली